VCCC बैठक दि. 29-1-16 (5)

विश्वविद्यालयों से संबंधित समस्त क्रिया–कलापों यथा प्रवेश, परिणाम, curriculum, courses, attendance इत्यादि केन्द्रीय स्तर पर monitor किये जा सकते हैं। DoIT & C के अधिकारियों द्वारा इस प्रस्तावित Portal के संबंध में Power Point के माध्यम से एक प्रस्तुतीकरण (presentation) दिया गया। **(परिशिष्ठ–5)**

<u>निर्णय</u> :– माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय द्वारा निर्देश प्रदान किये गये कि समस्त संबंधित विश्वविद्यालय इस कार्यक्रम में भाग लें तथा DoIT & C द्वारा चाही जा रही समस्त सूचनाएं उपलब्ध करावें।

<u>कार्यकारी विभाग / विश्वविद्यालयः</u>– समस्त विश्वविद्यालय।

7. <u>विश्वविद्यालयों में दीक्षान्त समारोहों में ड्रेस कोड बाबत:–</u>

माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय द्वारा समस्त कुलपतिगण को दीक्षान्त समारोहों के दौरान पुराने गाऊन अर्थात पश्चिमी वेशभूषा के स्थान पर भारतीय वेशभूषा अंगीकृत करने पर बधाई दी तथा समस्त विश्वविद्यालयों में भारतीय वेशभूषा में राजस्थानी छटा (touch) सहित एकरूपता लाने हेतु सिफारिशें करने के लिए एक समिति का निम्नानुसार गठन करने की घोषणा की:–

(a) प्रो0 चंद्रकला पाडिया,
कुलपति, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर – संयोजक

(b) प्रो0 कैलाश सोढाणी,
कुलपति,महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर। – सदस्य

(c) डॉ0 ए.के. गहलोत,
कुलपति, राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर – सदस्य

यह समिति समस्त कुलपतिगण से विचार कर दिनांक 31.03.2016 तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

<u>कार्यकारी विभाग / विश्वविद्यालयः</u>– कुलपति, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।

8.<u>Marking System लागू किये जाने के संबंध में की गई कार्यवाही व भावी कार्य योजना:–</u>

राजभवन स्तर पर समस्त विश्वविद्यालयों की दिनांक 16.07.2015 को बैठक आयोजित कर मार्किंग सिस्टम लागू किये जाने हेतु विस्तृत विचार विमर्श किया गया तथा पत्र दिनांक 23.07.2015 **(परिशिष्ठ–6)** द्वारा विस्तृत निर्देश जारी किये जाकर अपेक्षा की गई थी कि सत्र 2015–16 से उक्त Marking System को समस्त विश्वविद्यालयों द्वारा लागू किया जावे।

Marking System के संबंध में पेपर सेटर के मानदेय, परीक्षा कार्य से जुड़े कार्मिकों को दिये जाने वाले मानदेय व अन्य संबंधित मुद्दों पर आ रही समस्याओं पर विस्तार से

230 2

अत्यावश्यक/स्पीड पोस्ट

राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

प्रेषकः

सचिव,
राज्यपाल, राजस्थान
जयपुर।

प्रेषितिः

प्रो0 चन्द्रकला पाडिया,
कुलपति,
महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय,
बीकानेर।

क्रमांकः एफ.1(46)आरबी/2016//1567

दिनांक 26 फरवरी, 2016

महोदया,

राज्य के राजकीय विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण की समन्वय समिति की दिनांक 29.01.2016 को आयोजित बैठक में माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय द्वारा दीक्षान्त समारोह के दौरान समस्त विश्वविद्यालयों में भारतीय वेशभूषा में राजस्थानी छटा (touch) सहित एकरूपता लाने हेतु सिफारिशें करने के संबंध में आपके संयोजकत्त्व में कमेटी का गठन किया गया था।

उक्त समिति द्वारा दिनांक 31.03.2016 तक रिपोर्ट तक प्रस्तुत की जानी अपेक्षित है।

अतः निर्देशानुसार निवेदन है कि निर्धारित समय सीमा में वांछित प्रतिवेदन भिजवाये जाने का श्रम करावें ताकि तद्नुसार माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय को वस्तुस्थिति से अवगत कराया जा सके।

भवदीय,

(हरीश कुमार)
विशेषाधिकारी, उच्च शिक्षा

o/c